वैशाख कृष्ण पक्ष पंचमी विक्रम संवत 2082
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
शुक्रवार, 18 अप्रैल 2025
वर्ष 6, अंक 147, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये
अमृत विचार
बरेली
एक सम्पूर्ण अखबार

PAGE NO 5 : MIDDLE

# फुटबॉल : सेमीफाइनल मुकाबलों के लिए टीमें तय

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- श्रीराम मूर्ति मेमोरियल इंटर स्कूल फुटबॉल टूर्नामेंट में हुए चारों क्वार्टर फाइनल मैच

**अमृत विचार :** श्रीराम मूर्ति मेमोरियल इंटर स्कूल फुटवाल टूर्नामेंट में गुरुवार को क्वार्टर फाइनल मुकाबले हुए। इसमे जीत कर आर्मी पब्लिक स्कूल सीनियर विंग, डीपीएस, चाइल्ड केयर विशप कोनराड और एयर फोर्स स्कूल ने सेमी फाइनल में स्थान पक्का किया। दोनों सेमी फाइनल शुक्रवार को खेले जाएंगे।

एसआरएमएस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (सीईटी) स्थित फुटवाल मैदान पर सुबह 8 बजे मानस स्थली स्कूल और आर्मी पब्लिक स्कूल सीनियर विंग के बीच पहला क्वार्टर फाइनल मैच हुआ। 11 वें मिनट में आर्मी पब्लिक स्कूल के आयुष शर्मा ने पहला गोल किया। 13 वें मिनट में हर्षित साही, 17 वें मिनट में आर्यन सिंह, 21वें, 35वें और 49 वें मिनट में हर्षित साही ने लगातार गोलकर अपनी टीम को अजेय बढ़त दिलाई। मानस स्थली की टीम कोई गोल नहीं कर पाई। आर्मी पब्लिक स्कूल ने शून्य के मुकाबले 6 गोल से मैच जीत लिया। दूसरा क्वार्टर फाइनल आर्मी पब्लिक स्कूल जूनियर विंग और डीपीएस के बीच हुआ। इसमें दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने एक दूसरे को कोई मौका नहीं दिया, लेकिन मैच के अंतिमक्षण में 50 वें मिनट में अद्वय ने और 55वें मिनट में अजीज ने गोल कर अपनी टीम को 2 गोल से आगे कर दिया। डीपीएस ने शून्य के मुकाबले 2 गोल से मैच अपने नाम किया। तीसरे क्वार्टर फाइनल पीएम श्री केवी एनईआर और चाइल्ड केयर बिशप कोनराड के बीच हुआ। मैच समाप्त होने तक दोनों टीमें 2-2 गोलों से बराबरी पर रहीं। ऐसे में मैच का नतीजा पेनाल्टी शूट आउट से निकाला गया। इसमें पीएम श्री केवी एनईआर ने पांच पेनाल्टी शूट आउट में से 2 को गोल में बदला, जबकि चाइल्ड केयर बिशप कोनराड ने पांच पेनाल्टी शूट आउट में से तीन को गोल में बदला। चाइल्ड केयर बिशप कोनराड ने पीएम श्री केवी एनईआर को 4 के मुकाबले 5 गोल से पराजित किया। एयरफोर्स स्कूल और जीआरएम सीनियर सेकेंडरी स्कूल के बीच चौथा क्वार्टर फाइनल मैच हुआ। हाफ टाइम तक दोनों टीमें बराबरी पर थीं, लेकिन 33 वें मिनट में अमन ने गोल कर अपनी टीम एयर फोर्स स्कूल को बढ़त दिला दी। 40 वें मिनट में कार्तिक और 49 वें मिनट में ध्रुव ने 1-1 गोल किया। जीआरएम की टीम कोई गोल नहीं कर सकी। एयर फोर्स स्कूल ने 3-0 से मैच जीत लिया। ट्रस्ट के सचिव आदित्य मूर्ति आदि अधिकारी और खेलप्रेमी मौजूद रहे।



मैच में गोल करने के लिए भिड़ते खिलाड़ी। ● अमृत विचार